हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री से.
न्यूनतम 28.0 डिग्री से.

10 नागरिक अस्पताल में अमृत फार्मेसी भवन....

10 खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सीआर....





## खबर संक्षेप

### डेढ़ किलोग्राम चरस के साथ महिला गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने नया अड्डे के निकट जलेबी चौक से एक महिला को काबू कर उसके कब्जे से डेढ़ किलोग्राम चरस बरामद की है। सिविल लाइन थाना पुलिस आरोपित महिला से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना की मिली थी कि नया बस अड्डे के निकट जलेबी चौक पुल के नीचे महिला नशीले पदार्थ के साथ खड़ी हुई है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने महिला को काबू कर लिया। पुलिस ने जब हाथ में पकड़े पॉलीथिन की तलाशी ली तो उसमें से एक किलो 579 ग्राम चरस बरामद हुई।

### हमला कर बाप व बेटे को किया घायल, 4 नामजद

**जींद।** घोघड़िया खेत में जमीन विवाद के चलते बाप व बेटे पर हमला कर घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव घोघड़िया निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात जुलाई को वह खेत में अपने बेटे आयुष के साथ में काम कर रहा था। पड़ोसी किसान जोगेंद्र ने खेत की मेड को काट दिया। जिस पर उसने एतराज जताया। उस दौरान जोगेंद्र अपने घर चला गया। कुछ समय के बाद जोगेंद्र परिवार के लोगों को बाइक पर लेकर खेत में पहुंचा दोनों पर हमला कर दिया।

### मारपीट करने पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** दनौदा कलां में कहासुनी के चलते हमला कर एक व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा कलां निवासी नन्ही ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति सुरेश के साथ परिवार के ही जसमेर से कहासुनी हो गई। जिस पर जसमेर तथा उसके परिवार ने उसके पति पर हमला कर दिया। जिसमें उसके पति को काफी चोटें आई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने नन्ही की शिकायत पर आरोपित जसमेर, जसवीर कौर, अमन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जबरन धान की फसल उखाड़ी, दर्जनों पर केस

**जींद।** गांव गुरूसर में जमीन विवाद के चलते धान फसल उखाड़ने तथा विरोध करने पर धमकी देने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दर्जनभर लोगों के खिलाफ विभिन्न भरतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव गुरूसर निवासी गुरमीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका धन सिंह परिवार से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। जिस पर उसने धान की फसल की रोपाई की हुई थी। गत 13 जुलाई को धन सिंह परिवार ने उसकी धान फसल को नष्ट कर दिया।

### बाइक सवारों ने मारपीट कर मोबाइल फोन छीना

**जींद।** गांव डूमरखां खुर्द के निकट बीती रात बाइक सवार दो युवकों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ छीनना झपटी का मामला दर्ज किया है। गांव डूमरखां खुर्द निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नरवाना में फोटो स्टेट की दुकान चलाता है। बीती देर रात वह दुकान को बंद कर घर वापस लौट रहा था। गांव के निकट कैंची मोड़ पर पहुंचते ही बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया।

# ₹520 करोड़ से कैथल-कुरुक्षेत्र के युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षणः जिन्दल

## सांसद नवीन के प्रयासों से कैथल के युवाओं को मिली स्किल सेंटर की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सांसद नवीन जिन्दल ने आज आरकेएसडी कॉलेज परिसर में आरकेएसडी नवीन अवसर इंटरनेशनल स्किल सेंटर का उद्घाटन कर कैथल के युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण की सौगात दी। उन्होंने सेंटर में बनाई लैब और क्लासरूम में जाकर प्रत्येक सुविधाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर लाडवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से ओमान, दुबई और जर्मनी सहित अन्य देशों के लिए चयनित युवाओं को सांसद नवीन जिन्दल ने मंच से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया और उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदेश रवाना करते कहा कि यह केवल युवाओं की सफलता नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और आने वाले समय में ऐसे अवसरों का दायरा और अधिक बढ़ाया जाएगा। आरकेएसडी नवीन अवसर इंटरनेशनल स्किल सेंटर के शुभारंभ के लिए बधाई देते कहा कि आज के समय में केवल डिग्री नहीं, बल्कि कौशल ही सफलता की सबसे बड़ी पूंजी है। युवाओं को बदलती तकनीक के लिए कौशल प्रशिक्षण लेना होगा और इसलिए आज इस कौशल केंद्र की स्थापना की गई है। कहा कि उन्होंने अपने चुनावी संकल्प पत्र में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में दो अंतरराष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का वादा किया था। पहले कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर की स्थापना के बाद अब कैथल में आरकेएसडी नवीन अवसर इंटरनेशनल स्किल सेंटर का शुभारंभ उसी संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा कि हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम है कि कुरुक्षेत्र और कैथल को प्रधानमंत्री सेतु योजना के अंतर्गत 520 करोड़ की ऐतिहासिक स्वीकृति प्राप्त हुई है।


**कैथल।** सांसद नवीन जिंदल इंटरनेशनल स्किल सेंटर का शुभारंभ करते हुए।

### ये रहे मौजूद

आरकेएसडी नवीन अवसर इंटरनेशनल स्किल सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में ज्योति सैनी भाजपा जिलाध्यक्ष, कुलवंत बाजीगर पूर्व विधायक, मनमोहन गोयल पूर्व मेयर रोहतक, कैलाश भगत, राव सुरेन्द्र,डॉ. जगविन्द्र विर्क, कर्नल अरूण चंदेल, अभिषेक सहगल, अमित रांगटा, राजपाल तंवर, पंकज शोरेवाला, कमलदीप कौर, एडवोकेट मनोज दुआ, रोहन मित्तल, नसीब कक्हेडी, संदीप दुल, जयभगवान शर्मा,जसबीर सोलूमाजरा, सुरेन्द्र जैन, निधि मोहन, विद्यार्थी , अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### रोजगार के नए द्वार खुलेंगे

इस निवेश से दोनों जिलों के आईटीआई आधुनिक तकनीक, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण से सुसज्जित होंगे, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। आरकेएसडी कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अश्विनी शोरेवाला ने सांसद नवीन जिन्दल का स्वागत करते हुए कहा कि आरकेएसडी कॉलेज सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ युवाओं को रोजगारोन्मुख बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। नवीन अवसर इंटरनेशनल स्किल सेंटर की स्थापना से विद्यार्थियों को आधुनिक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण मिलेगा और कैथल कौशल विकास के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करेगा।

## विधायक ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

# नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेसियों का रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर जंतर मंतर, दिल्ली पर शांतिपूर्ण धरना दे रहे छात्रों पर केंद्र सरकार की पुलिस द्वारा की बर्बर मारपीट के विरोध में बुधवार को कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने हजारों युवाओं के साथ कैथल में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हरियाणा शहीद स्मारक से नवग्रह चौंक तक निकाली विशाल रैली में हजारों युवा, छात्र और आम नागरिक शामिल हुए। मार्च में मशाल जली मोमबत्तियां और हाथों में लहराते तिरंगे के साथ केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। विधायक ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। विधायक सुरजेवाला ने प्रदर्शन स्थल पर कहा कि मोदी सरकार के 12 साल ने शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल कर दिया है। बार बार पेपर लीक हो रहे हैं, दसवीं कक्षा से लेकर चपड़ासी से लेकर, जज, सीईटी और अब नीट का पेपर भी लीक हो चुका है। बजाय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेने के मोदी सरकार और अमित शाह की पुलिस और सिविल वर्दी में भाजपा और आरएसएस वाले बच्चों को पीट रहें है।

## जींद में रिषिपाल हैबतपुर के नेतृत्व में निकाला मार्च


**कैथल।** प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि


**जींद।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर।

### शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तुरंत इस्तीफा दे

, हमारी बहनों के कपड़े तक फाड़े गए, उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। हमारी माँग है कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और जिनकी जान इस नीट पेपर घोटाले में गई है, उनके परिवारजों को ₹1 करोड़ मुआवजा दिया जाए, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर व सुदीप सुरजेवाला ने भी भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते कहा कि यह "लोकतंत्र को लठ-तंत्र" और "गणतंत्र को गन-तंत्र" में बदलने की साजिश है। उन्होंने युवाओं से आंदोलन को और मजबूत करने की अपील की। आदित्य सुरजेवाला ने साफ संदेश दिया है कि यदि सरकार नीट घोटाले में दोषियों पर कार्रवाई नहीं करती और शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं लेती तो यह आंदोलन और भी व्यापक रूप लेगा।

### छात्रों की आवाज दबाना बंद करे सरकार : हैबतपुर

**जींद।** छात्रों की लोकतांत्रिक मांगों और उनके अधिकारों के समर्थन में बुधवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में गोहाना रोड स्थित कोर्ट मोड़ से लघु सचिवालय तक विरोध मार्च निकाला और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद डीसी डा. वैशाली शर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर छात्रों की मांगों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि देश का युवा आज भविष्य, शिक्षा, रोजगार और न्यायपूर्ण अवसरों को लेकर चिंता में है। छात्रों और युवाओं की लोकतांत्रिक आवाज को सुनने के बजाय यदि सरकार उनके अधिकारों के लिए उठाए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलनों को दबाने का प्रयास करेगी तो यह लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक स्थिति है। पूर्व विधायक सुभाष गंगोली, महावीर गुप्ता, जगबीर ढिगाना, पवन दूहन, प्रमोद , जयभगवान गोयल, पवन गर्ग, रमेश सैनी, विजेंद्र ढाठरथ, दिनेश डाहोला, सतपाल सत्तू, अमनदीप बेलरखां, दीपक पिंडारा, लाजवंती, कमल चौहान आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण सफाई कर्मियों ने निकाला पैदल मार्च

- डीडीपीओ जींद को पंचायत मंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर बुधवार को ग्रामीण सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय तक मार्च किया और डीडीपीओ जींद संदीप भारद्वाज को पंचायत मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन से पहले ग्रामीण सफाई कर्मियों ने रोष बैठक की। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के जिला प्रधान गुलाब बिरौली तथा साहब सिंह ने की। जबकि संचालन जिला सचिव पवन कुमार ने किया। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 15 मई से शुरू हुई ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल और नरवाना से कुरुक्षेत्र तक निकाली गई पदयात्रा के दौरान 29 मई को पानीपत में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी तथा पंचायत विभाग के महानिदेशक अनीश यादव के साथ लगभग छह घंटे तक वार्ता हुई थी। वार्ता में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की 18 में से 17 मांगों पर सहमति बनी थी और सरकार ने 30 जून तक इन मांगों से संबंधित आदेश जारी करने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक केवल एक आदेश जारी किया गया है। जबकि 16 महत्वपूर्ण मांगें अब भी लंबित हैं।



**जींद।** लघु सचिवालय तक पैदल मार्च निकालते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

## असला अमुनेशन सप्लाई के मामले में 50 हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा एक असला सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी वर्ष 2024 दौरान थाना शहर क्षेत्र में हत्या मामले में भी वांछित था, जिसकी गिरफ्तारी पर हरियाणा पुलिस की तरफ से 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। डीएसपी बीर भान ने बताया कि अवैध असला-अमुनेशन बरामदगी के एक मामले की आगामी जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई अजीत सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव रेर कलां जिला पानीपत निवासी रामपाल को गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी ने बताया कि 11 जुलाई को एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के एएसआई अजीत कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर गांव पाडला से छौत रोड़ दबिश देकर आरोपी गांव छौत निवासी अजय उर्फ अज्जू को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से एक 315 बोर का अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ था। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी अजय से पूछताछ उपरांत खुलासा हुआ था कि उसको यह असला अमुनेशन आरोपी रामपाल द्वारा सप्लाई किया गया था।



### झगड़े में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम, मामला दर्ज

**कैथल।** शहर की नई अनाज मंडी के पास रामनगर में हुए झगड़े में घायल टोहाना निवासी 39 साल युवक की इलाज दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत पर पड़ोसी दंपती के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रामनगर कैथल के 38 वर्षीय कालू के रूप में हुई है। युवक अविवाहिता था और अपना मकान लेकर शहर के रामनगर में रह रहा था। थाना शहर पुलिस को दी शिकायत में मृतक युवक की मां टोहाना की गुमानी ने आरोप लगाया कि किसी बात को लेकर पड़ोस में रह रहे युवक सन्नी से साथ झगड़ा हो गया था। इस झगड़े में आरोपी सन्नी व उसकी पत्नी बतेरी ने बुरी तरह से पीटा। पहले तो इलाज कैथल के सिविल अस्पताल में चला, लेकिन चोटों में संक्रमण (इन्फेक्शन) फैल गया। इसके बाद उसे रोहतक पीजीआई में दाखिल करवाया गया था।

### विजिलेंस करेगी 7 पार्कों के रखरखाव मामले की जांच

**कलायत।** कलायत शहर में पार्कों के रखरखाव एवं सुरक्षा से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में नगर पालिका अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। इस मामले में सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा की विभागीय विजिलेंस को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। वार्ड नंबर 6 के पार्षद प्रदीप राणा द्वारा सीएम नायब सिंह सैनी को भेजी गई शिकायत के उपरांत शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) ने उन्हें सुनवाई के लिए 6 अगस्त को पंचकूला बुलाया है। इसके बाद नगर पालिका कार्यालय में भारी हडक्रंप है। यह नपा का ऐसा पहला मामला है जिसमें विजिलेंस ने जांच का निर्णय लिया है। पार्षद प्रदीप राणा ने बताया कि नपा में सात पार्कों के रखरखाव और सुरक्षा के लिए जारी किए करीब 30 लाख के टेंडर में भ्रष्टाचार हुआ है। कागजों में कर्मियों की फर्जी नियुक्ति कर सरकार के साथ-साथ नागरिकों के साथ मजाक किया है। एडीसी की जांच व एसडीएम की रिपोर्ट में पार्कों के रखरखाव की आड़ में गोलमाल की परतें खुल चुकी हैं।

## शहर तथा आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी, उमस से राहत

# दिनभर सूरज और बादलों के बीच चली लुका छिपी, शाम को बूंदाबांदी

### अधिकतम तापमान में इजाफा, 26 तक बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर तथा आसपास के इलाकों में बुधवार को हलकी बूंदाबांदी हुई। जिसने मौसम में बनी उमस से कुछ राहत दी। जिसके चलते मौसम सुहाना बन गया। हालांकि तापमान में इजाफा दर्ज किया गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 71 प्रतिशत तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 26 जुलाई तक बारिश की संभावना बन रही है। बुधवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। हलकी फुहार भी पड़ी। दिन चढ़ने के साथ मौसम में उमस बन गई। बीच-बीच में सूर्य बादलों के बीच से झांकता रहा। शाम को मौसम ने करवट ली। आकाश में गहरे बादल छा गए और बूंदाबांदी शुरू हो गई। हालांकि बूंदाबांदी का सिलसिला ज्यादा देर तक जारी नही रहा। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे। मानसून सीजन में अबतक अच्छी बारिश नही हुई है। अगर बारिश हुई है तो वह बिखराव में हुई है। मौसम में उमस के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फसलों में पानी की जरूरत महसूस की जा रही है। किसानों को कहना है कि अगर अच्छी बारिश हो जाए तो फसलों को काफी फायदा पहुंचेगा। बारिश साथ तेज न होकर धीरे धीरे हो और कुछ लंबी चलनी चाहिए। किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश होती है तो धान, बाजरा, कपास और अन्य खरीफ फसलों को काफी लाभ मिलेगा तथा सिंचाई की जरूरत भी कम पड़ेगी।



**जींद।** दिन के समय होती बारिश। फोटो :हरिभूमि

## महिला ने जहर खाकर दी जान, पति संग 3 पर केस

- ससुरालीजनों पर मारपीट करने तथा प्रताड़ित करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव करसोला में संदिग्ध हालात के चलते महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। जुलाना थाना पुलिस ने मृतका के मायका पक्ष की शिकायत पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव करसोला निवासी विकास की पत्नी नैंसी (24) ने गत दिवस संदिग्ध हालातों के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालात बिगड़ने पर नैंसी को पहले जुलाना तथा बाद में हिसार के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान नैंसी की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस तथा मायका पक्ष मौके पर पहुंच गया और हालातों का जायजा लिया। मृतका की मां गांव सांघी निवासी रीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लगभग दो साल पहले उसने अपनी बेटी नैंसी की शादी गांव करसोला निवासी राजेश के साथ की थी। शादी के बाद से ससुरालीजनों का व्यवहार नैंसी के प्रति ठीक नही थी। उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता था। विवाहित जीवन में नैंसी ने बेटे को भी जन्म दिया। बावजूद इसके नैंसी के साथ मारपीट की जाती रही और उसका उत्पीडऩ किया जाता रहा। जिसके चलते उसकी बेटी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। जुलाना पुलिस ने रीना की शिकायत पर पति विकास, सास शकुंतला तथा राजेश के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### गांव खापड़ में नुक्कड़ सभा का आयोजन

**उचाना।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उचाना खुर्द के अंतर्गत गांव खापड़ में सीमा रानी सीएचओ, संजय कुमार व सुनीता देवी, पूनम रानी एमपीएचडब्ल्यू के नेतृत्व में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव में कई जगह नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। सभा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को गिरते लिंग अनुपात, कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों, बेटी की शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करना, आमजन को बेटा-बेटी में समानता का संदेश देना था। सभी आशा, आंगनवाड़ी वर्कर कार्यकर्ताओं और मुख्य रूप से सरंपच मोनिका मौजूद रही।

### महर्षि लोमश स्कूल के खिलाड़ी छाए

**उचाना।** महर्षि लोमश पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोधर के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए सॉफ्टबॉल और बेसबॉल दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्ग की टीमों ने उत्कृष्ट खेल, अनुशासन और बेहतरीन टीम भावना का प्रदर्शन करते अपने सभी मुकाबले जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय चेयरमैन गजे सिंह गिल ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) अध्यक्ष पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजपुरा भैण में विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं डीएलएसए सचिव अमित सिहाग ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### युवाओं ने राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद की ओर से बुधवार को तिरंगा दिवस बड़े उत्साह देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर व पोशाकों पर पॉकेट तिरंगा धारण कर राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। संस्था की ओर से अभियान चलाकर छात्रों व नागरिकों को पॉकेट तिरंगे लगाए गए तथा उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्रप्रेम और संविधान के प्रति नागरिकों की जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया गया। संबोधित करते महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि 22 जुलाई 1947 का दिन भारतीय इतिहास में अत्यंत गौरवशाली है।

### राष्ट्रीय ध्वज दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

**जींद।** न्यू प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाहौला में बुधवार को मेरा झंडा, मेरी शान अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज दिवस उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राज रेढू, समस्त शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ हुई। इस दौरान विद्यार्थियों को भारत के तिरंगे के इतिहास, महत्व और उसके सम्मान से जुड़े नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

### नियमित सफाई से ही डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव ईंटल कलां में जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाते विभाग की ओर से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एमपीएचडब्ल्यू पवन कुमार और कविता रानी ने गांव के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को डेंगू एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों को ट्रिपल सी फार्मूला अपनाने तथा घरों और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

## अमृत फार्मेसी खुलने से मरीजों को मिलेंगी सुविधाएं

# नागरिक अस्पताल में अमृत फार्मेसी भवन निर्माण तेज

### अमृत फार्मेसी पर मिलेंगी हर प्रकार की ब्रांडेड दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल परिसर में अमृत फार्मेसी के लिए भवन निर्माण कार्य जोर से चला हुआ है। इसी भवन में वीटा पार्लर बार भी खुलेगा। भवन की नींव का कार्य पूरा हो गया है और इसे जमीन से काफी ऊंचा उठाया गया है ताकि बारिश के समय पानी की समस्या न रहे।

वीटा पार्लर में जहां मरीजों को वीटा से संबंधित सभी प्रकार के उत्पाद मिलेंगे। वहीं अमृत फार्मेसी में मरीजों को ब्रांडेड दवाइयां सस्ते रेटों पर मिलेंगी। वैसे तो सभी दवाइयां अस्पताल के अंदर ही मिलती हैं। इसके अलावा शव गृह के पास ही जन औषधि केंद्र भी खोला गया है लेकिन कई बार दवाई खत्म होने पर यहां दवा उपलब्ध न होने पर अमृत फार्मेस से मरीज सस्ते रेटों में दवाई खरीद सकते हैं।

नागरिक अस्पताल में इस समय दो बूथ हैं। एक बूथ अस्पताल के मुख्य द्वार के निकट और दूसरा बूथ पुरानी बिल्डिंग के पास खोला गया है। यहां चाय व कोल्ड ड्रिंक ही मिलती है। वहीं वीटा के अनेक प्रकार के उत्पाद हैं। यह सभी उत्पाद इन वीटा बूथ पर नहीं मिलते हैं। इसलिए मरीजों की सुविधा के लिए यहां पर वीटा पार्लर बार खोला जाना प्रस्तावित है। इस पार्लर बार में वीटा के सभी प्रकार के दूध, मिठाई, लस्सी, दही, घी, आइसक्रीम से लेकर हर प्रकार के वीटा के उत्पाद मिलेंगे। कई बार किसी मरीज के परिजनकाफी दूर होते हैं तो वह यहां पर आकर अपनी भूख मिटा सकेंगे। इसके अलावा इस पार्लर बार पर पौष्टिक उत्पाद मिलेंगे।

नागरिक अस्पताल के अंदर ही मेडिकल स्टोर से सभी प्रकार की दवाइयां मरीजों को मुफ्त मिलती हैं। कई बार अस्पताल के अंदर कई प्रकार की दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाती। ऐसे में मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं। अस्पताल में जनऔषधी केंद्र भी है लेकिन यहां ब्रांडेड कंपनियों की दवाइयां नहीं मिलती हैं। यहां पर जैनेरिक दवाइयां मिलती हैं, जो काफी सस्ती तो होती हैं लेकिन ब्रांडेड कंपनी की नहीं होती। ऐसे में कई बार मरीज अच्छी कंपनी की दवाई लेना चाहता हैं। इन सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए अब अस्पताल में पुरानी बिल्डिंग के सामने बने पार्क के पास ही अमृत फार्मेसी के नाम से मेडिकल स्टोर का निर्माण करवाया जा रहा है। इसमें हर कंपनियों की दवाइयां मिलेंगे। वैसे यह बाजार से भी सस्ती होंगी।



जींद। पार्क के निकट अमृत फार्मेसी व वीटा पार्लर के लिए डाली गई नींव। फोटो :हरिभूमि

#### मरीजों को लाभ होगा

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अस्पताल में अमृत फार्मेसी के तहत मेडिकल स्टोर व वीटा पार्लर का निर्माण कार्य चला हुआ है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। दवा वा वीटा उत्पाद की सुविधाएं एक ही भवन में उपलब्ध होने से मरीजों को लाभ होगा।

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में उत्कृष्ट योगदान पर महाप्रबंधक जय प्रकाश सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार, आर्थिक आत्मनिर्भरता और वित्तीय समावेशन से जोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने पर द जींद सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड जींद के महाप्रबंधक जय प्रकाश सोनी को प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर प्रदान किया। समारोह में जय प्रकाश सोनी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर महिला संयुक्त दायित्व समूह के गठन, उनके सशक्तिकरण तथा ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार एवं औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। जय प्रकाश सोनी के कुशल नेतृत्व में द जींद सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक ने जिले में महिला संयुक्त दायित्व समूहों के गठन को नई गति प्रदान की है। बैंक ने इन समूहों को समय पर ऋण सुविधा उपलब्ध करा कर महिलाओं को छोटे व्यवसाय, डेयरी, पशुपालन, सिलाई व कढ़ाई, हस्तशिल्प तथा अन्य स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप अनेक ग्रामीण महिलाओं को अपनी आय बढ़ाने, परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने तथा आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। सम्मान प्राप्त करने के बाद जय प्रकाश सोनी ने इसे अपने व्यक्तिगत प्रयासों की नहीं बल्कि बैंक के निदेशक मंडल, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सामूहिक मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया।



जींद। टीबी रोग से पीड़ित मरीजों के साथ जिला क्षय रोग अधिकारी एवं उप सिविल सर्जन डा. पाले राम कटारिया। फोटो :हरिभूमि

### निक्षय मित्र आगे आकर करें सहयोग : डा. पाले राम

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में टीबी रोग से पीड़ित मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उनके पोषण का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य प्रशासन द्वारा सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजन के सहयोग से टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें समय-समय पर पोषण सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को नागरिक अस्पताल परिसर स्थित जिला क्षय रोग केंद्र में टीबी का उपचार ले रहे 16 मरीजों को सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर सूरजभान अलेवा और उनकी धर्मपत्नी राजपती ने गोद लेकर पोषण किट वितरित की। कार्यक्रम जिला क्षय रोग अधिकारी एवं उप सिविल सर्जन डा. पाले राम कटारिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा, कोमल, जगबीर चहल आदि मौजूद थे।

### जिला रोजगार कार्यालय में लगेगा रोजगार मेला

**जींद।** जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय जींद द्वारा 24 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों एवं निजी बैंकों के प्रतिनिधि भाग लेकर योग्य अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि रोजगार मेले में पुखराज एग्रो लिमिटेड, श्री श्याम बायोफर्टिलाइजर कंपनी, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक तथा एक्सिस बैंक के नियोजक भाग लेंगे। मेले के माध्यम से युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता एवं दक्षता के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। बताया कि पुखराज एग्रो लिमिटेड द्वारा सेल्स ऑफिसर के पदों पर भर्ती की जाएगी।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना युवाओं को उद्योग जगत से जोड़ने की एक दूरदर्शी पहलः प्रो. मलिक

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में प्रधानाचार्य प्रो. सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, योजना के व्यापक प्रचार व प्रसार, पात्र विद्यार्थियों के अधिकतम पंजीकरण, मार्गदर्शन, विभागवार जागरूकता अभियान, उद्योगों एवं संस्थानों से समन्वय तथा योजना की नियमित समीक्षा एवं प्रगति रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना युवाओं को उद्योग जगत से जोड़ने की एक दूरदर्शी पहल है। कालेज का उद्देश्य प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक इस योजना की जानकारी पहुंचाना, उनका अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करना तथा उन्हें उद्योगों में व्यावहारिक अनुभव एवं रोजगारोन्मुखी अवसर उपलब्ध कराना है।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक।



जींद। प्रवचन करते सुखदेव महाराज और मौजूद महिलाएं।

### कुआं पूजन कर दिया बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

**जींद।** रोहतक रोड स्थित गांव किनाना में बेटी के जन्म की खुशी में कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और नशा मुक्ति अभियान के तहत जींद कला धाम से रिषि सुखदेव महाराज विशेष रूप से गांव किनाना पहुंचे और बिटिया आश्वी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान नन्हीं बिटिया के माता-पिता लक्ष्मी और अमर ने भी रिषि सुखदेव महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान दिव्य ज्ञान अमृत धारा सत्संग एवं प्रवचन समारोह का भी आयोजन किया गया। इसमें रिषि सुखदेव महाराज ने उपस्थित लोगों को बेटियों के सम्मान और शिक्षा के प्रति जागरूक करते कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। बेटियां घर की मुस्कान और परिवार का अभिमान होती हैं। वे भगवान का सुंदर उपहार हैं, इसलिए समाज को बेटियों को भी उतना ही सम्मान, प्यार और अवसर देना चाहिए, जितना बेटों को दिया जाता है।

### शक्ति केंद्र टिफिन बैठक अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**जींद।** प्रदेश स्तर के शक्ति केंद्र टिफिन बैठक अभियान के तहत आज जुलाना विधानसभा के रामराये मंडल के शक्तिकेंद्र घिमाना, राजपुरा भैन, गुलकनी, बीबीपुर आदि कई शक्ति केंद्रों पर जाकर ऊर्जावान कर्मठ कार्यकर्ता साथियों के साथ बैठक की। संगठन के निर्देशानुसार सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम को गंभीरता से लेने, बूथ समितियों का गठन करने, मन की बात कार्यक्रम को सुनने व उसकी जानकारी सरल पोर्टल पर अपडेट करने समेत संगठन को मजबूत करने वाले विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बूथध्यक्ष राजवीर, शक्तिकेंद्र प्रभारी दिलबाग सिंह, मेजर राजवीर सिंह, बीजेपी नेता नरेश जांगड़ा, सरपंच राजपुरा भैन जयबीर आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते पुष्पा तायल। फोटो :हरिभूमि



जींद। सम्मानित होते डीएवी स्कूल के बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### डीएवी स्कूल के कब बुलबुल हुए सम्मानित

**जींद।** डीएवी पब्लिक स्कूल जींद स्काउट्स एवं गाइड्स के क्षेत्र में राज्य पुरुस्कार से लेकर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने में सदैव अग्रणी रहा है। इस स्कूल के बच्चे और अध्यापक स्काउट एवं गाइड के रूप में सर्वोत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इस क्षेत्र में बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर तक के कार्यक्रमों में भाग लेकर डीएवी जींद का नाम रोशन कर चुके हैं। विभिन्न स्तरों पर पुरस्कारों की प्राप्ति इस बात का प्रमाण है। पुरस्कार प्राप्ति की इसी श्रृंखला में हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय द्वारा सत्र 2023-24 के लिए राज्य स्तरीय 44 जनरल मीटिंग में हरियाणा के विभिन्न जिलों में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिला शिक्षा अधिकारीयों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन व बच्चों को उनकी योग्यता के आधार पर आज महामहिम राज्यपाल प्रो. आशिम घोष द्वारा राजभवन में गवर्नर अवार्ड से सम्मानित किया गया।



जींद। पुलिस द्वारा डिटेन किए गए प्रमोद सहवाग व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता।

### प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों को पुलिस ने किया डिटेन

**जींद।** जींद में दिल्ली कूच के दौरान प्रमोद सहवाग और उनके साथियों को पुलिस ने रास्ते में रोककर डिटेन किया। प्रमोद सहवाग ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी आवाज उठाना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। शांतिपूर्ण विरोध और जनहित के मुद्दों पर बात रखने से रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। संघर्ष रुकेगा नही, और आवाज दबेगी नही। प्रमोद ने कहा कि जनता के अधिकारों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और हर वर्ग की आवाज को बुलंद करने का हमारा संकल्प अडिग है। हम लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और जनहित के लिए लड़ाई पूरी दृढ़ता के साथ जारी रखेंगे।

## इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की अंडर 14 फुटबाल टीम ने फाइनल मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी टीम को 3-0 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर 14 शतरंज प्रतियोगिता में भी विद्यालय के खिलाड़ी ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ दोनों विजेता टीमें एवं खिलाड़ी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयनित हुए हैं। इस उपलब्धि पर प्रवीण परूथी कोर्डिनेटरए इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, डा. संजीव तायल प्राचार्य इंडस ग्लोबल अकादमी तथा जेएस सारंग हैडमास्टर इंडस ग्लोबल अकादमी ने खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके अनुशासन, कठिन परिश्रम एवं समर्पण का परिणाम है।



जींद। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी डा. वैशाली शर्मा।

### कोई भी पात्र वोट बनवाने से न रहे वंचित : उपायुक्त

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। अभियान के तहत गणना प्रपत्र जमा करवाने की अंतिम तिथि 24 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना गणना प्रपत्र अवश्य जमा करवाएंए ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने से वंचित नहीं रहे। डीसी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरी की जा रही है। अभियान के अंतर्गत 31 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद 31 जुलाई से 30 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जुड़वानेए नाम में संशोधन करवाने तथा अन्य दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाने का अवसर मिलेगा।

### कबड्डी व खो-खो में तीन स्वर्ण पदक, कई एथलीटों ने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी जीते पदक

# खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सीआर स्कूल गतौली के खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना क्षेत्र के शामलो कलां गांव में 20 से 24 जुलाई तक आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छोटूराम सीआर स्कूल गतौली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यालय के डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने बताया कि स्कूल की अंडर 19 कबड्डी टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा अंडर 19 खो-खो और अंडर14 खो.खो टीमों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय की झोली में दो और स्वर्ण पदक डाले। वहीं अंडर 17 खो.खो टीम ने फाइनल तक शानदार सफर तय करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में भी सीआर स्कूल के खिलाडिय़ों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खिलाड़ी अनूज ने 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। अंकित ने 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। नितिन ने 400 मीटर बाधा दौड़ और 110 मीटर बाधा दौडए दोनों स्पर्धाओं में दूसरा स्थान प्राप्त कर दो रजत पदक अपने नाम किए।



जुलाना। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

#### खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम

गोला फेंक प्रतियोगिता में काजल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 वर्ग की 80 मीटर बाधा दौड़ में निधि ने दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि खुशी ने 100 मीटर बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है ताकि छात्र पढ़ाई के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।



उचाना। खंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

### उचानाः खंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में श्री शिव मंदिर सनातन धर्म स्कूल की टीम विजेता

**उचाना।** विद्या भारती द्वारा संचालित श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां के क्रिकेट खिलाड़ियों ने खंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम रोशन किया। खरकभूरा में आयोजित तीन दिवसीय खंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-17 क्रिकेट टीम ने घसोकलां स्थित आरोही स्कूल की टीम को 25 रनों से हराकर विजेता बनने के साथ जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। प्रधानाचार्य रणधीर शास्त्री ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते उनकी मेहनत और अनुशासन की सराहना की। खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी लगन और समर्पण के साथ खेलते रहने तथा जीवन में निरंतर आगे बढने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य ने टीम के कोच विजय को भी उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए बधाई देते कहा कि खिलाड़ियों की सफलता में प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफार्मरों के पुर्जे उठा ले गए चोर

**कैथल।** जिले के दो अलग-अलग जगहों से चोरों ने बिजली के ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान चोरी कर लिया। दोनों मामलों में पुलिस ने बिजली निगम (यूएचबीवीएन) की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों वारदातों में चोर ट्रांसफार्मरों के अंदर लगा कॉपर कॉयल, तेल और अन्य उपकरण चोरी कर ले गए, जिससे निगम को करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

पहले मामले में गुहला थाना पुलिस को दी शिकायत में एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि गांव रत्ताखेड़ा लुकमान में 29/30 मई की रात खेत में लगे 20 केवीए ट्रांसफार्मर से चोर सामान चोरी कर ले गए।

### निजी प्ले स्कूलों का पंजीकरण आवश्यक

**पूंडरी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, कैथल द्वारा जिले में संचालित सभी निजी प्ले स्कूलों एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार की राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा नीति (एनसीपीसीआर ) दिशा-निर्देशों के अनुसार 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाले सभी निजी प्ले स्कूलों का पंजीकरण करवाना आवश्यक है। अतः ऐसे सभी निजी प्ले स्कूल संचालकों से अनुरोध किया जाता है कि वे सरल पोर्टल पर अपना पंजीकरण आवेदन एनसीपीसीआर गाइडलाइन के अनुसार यथाशीघ्र ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

### मानसिक स्वास्थ्य बेहतर भविष्य की मजबूत नींव

**कैथल।** रोजगार विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह (20 से 24 जुलाई) के अंतर्गत बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल में मेंटल वेलनेश स्कूल स्टूडेंट्स विषय पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से करियर टॉक का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. ऋ तु चहल ने कहा कि अच्छा मानसिक स्वास्थ्य जीवन में सफलता की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ विद्यार्थी न केवल पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, बल्कि सही निर्णय लेने, आत्मविश्वास विकसित करने और सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण में भी सफल होते हैं।

## जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

# दिशा बैठक में दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करें अधिकारी

**गुणवत्ता और जवाबदेही पर दिया जोर, जिले के सभी 25 स्टेडियम का किया जाएगा आधुनिकीकरण**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


**कैथल।** सांसद नवीन जिंदल दिशा बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अधिकारी सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करवाएं। सड़क हो या अन्य कोई विकास कार्य उसके निर्माण में गुणवता का ध्यान रखें। अच्छा करेंगे तो अच्छा दिखेगा। इसलिए तय समय में परियोजनाओं को पूरा करवाएं। दिशा बैठक में दिए गए प्रत्येक निर्देश का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जा सके। अधिकारी जो समय सीमा किसी कार्य के पूरा होने की बता रहे हैं, इस समय सीमा के बाद इस कार्य की निगरानी की जाएगी।

सांसद नवीन जिंदल ने बुधवार को जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं और परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में सभी 25 खेल स्टेडियम का आधुनिकीकरण किया जाएगा। जिसमें सरकार द्वारा जो सुविधाएं दी जाएंगी। आवश्यकता हुई तो वे अपने स्तर पर भी सुविधाएं स्टेडियम में मुहैया करवाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बैठक के ठोस और सकारात्मक परिणाम दिखाई देने चाहिए। सरकार कास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराती है, इसलिए अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक कार्य निर्धारित मानकों और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा हो। यदि अधिकारी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे तो विकास कार्यों में निश्चित रूप से सुधार दिखाई देगा।

सांसद ने कहा कि विभिन्न सड़क परियोजनाओं की समीक्षा की गई। कैथल-चीका रोड के संदर्भ में अधिकारियों ने सड़क को चलने लायक बताया। इसके बाद सड़क की खराब हालत की जानकारी मिलने पर सांसद ने सख्त निर्देश दिए कि कैथल से चीका तक इस सड़क की स्थिति का पता लगाकर उन्हें रिपोर्ट दी जाए। उन्होंने इस सड़क की वीडियोग्राफी करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस सड़क की स्थिति में जल्द सुधार किया जाए। लोगों को आवागमन में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

इसी प्रकार सांसद ने घोघ से रामथली, भागल से मैंगड़ा, डंडौता से बाउपुर, हरसौला-सिसला, तितरम चौक-सिग्नस अस्पताल, बेगपुर, डीग-रमाना-रमानी, संगरौली-साकरा, कौल, ढांड से कुरुक्षेत्र, चंदाना गेट से फ्रांसवाला, हरसौला से सौंगल, राजौंद में कैथल-असंध मार्ग, राजौंद बीरबांगड़ा आदि सड़कों की फीडबैक ली। उन्होंने फोटो दिखाते हुए इन सड़कों की स्थिति को लेकर सवाल पूछे और उनकी हालत में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाएं और निर्धारित अवधि में इस कार्य को पूरा करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुरेश कुमार राविश, नगर निगम आयुक्त कपिल शर्मा, सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार, एसडीएम संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कैथल में भी एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनवाने का प्रयास

मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बन कर तैयार हो गया है। इसी तर्ज पर कैथल में भी एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनवाने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। यहां के लोग नहीं चाहते कि आरओबी बने। उनका कहना है कि आरओबी बनने से उन्हें परेशानी होगी। इसलिए जन भावनाओं का ध्यान रखते हुए एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनवाने का पूरा प्रयास करेंगे।

### निर्देशों का गंभीरता से पालन करें

बैठक में डीसी अपराजिता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा विभिन्न विषयों पर दिए गए सभी निर्देशों का गंभीरता से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभागाध्यक्ष बैठक में अपने कार्यों की नवीनतम रिपोर्ट के साथ उपस्थित हो, ताकि योजनाओं की वास्तविक प्रगति की प्रभावी समीक्षा की जा सके। उन्होंने सांसद नवीन जिंदल को जिले में विशेष तौर पर शुरू की गई स्टंबल लैब योजना, ज्ञानदान बुक बैंक सहित प्यारी बेटी मुहिम की भी जानकारी दी।

## न्यूज डायरी



### बेटियों को खेलों में भाग लेने के लिए जागरूक किया

**राजौंद।** गांव खेड़ी राओ वाली के सावित्री देवी के आंगनवाड़ी केंद्र में कसान सर्कल की महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सावित्री देवी के मार्गदर्शन में जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूक करना है।इस दौरान सर्कल सुपरवाइजर सावित्री देवी जी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत समाज में बालिकाओं के अस्तित्व, उनकी सुरक्षा और शिक्षा को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने राजौंद की शगनदीप स्वर्ण विजेता का उदाहरण दे कर बेटियों को खेलों में भाग लेने के लिए जागरूक किया।

### ठगी के लिए रोज नए-नए पैंतरे अपना रहे साइबर ठग



**कैथल।** साइबर अपराधियों द्वारा नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं, जिनमें हाल ही में एक खतरनाक ट्रेंड सामने आया है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया की साइबर अपराधी विदेश में गए किसी परिचित या रिश्तेदार की फेसबुक, इंस्टाग्राम या अन्य सोशल साइट पर फर्जी प्रोफाइल तैयार कर लोगों से संपर्क करते हैं और उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि वह विदेश से भारत में पैसे भेज रहा है। जिस बारे वह अपनी फैमिली को नहीं बता सकता। जब वह वापिस आएगा तब आपसे पैसे ले लेगा। इस झांसे को और मजबूत करने के लिए ठग फर्जी बैंक अधिकारी बनकर पीड़ित को फोन कॉल करते हैं और कहते हैं कि आपके खाते में विदेश से पैसे आने हैं तथा यह केवल एक कन्फर्मेशन कॉल है। एसपी ने बताया की जब पीड़ित इस बहकावे में आ जाता है तो इसके बाद ठग अलग-अलग प्रकार की मजबूरी बताना शुरू कर देते हैं। कभी वे कहते हैं कि उनका वीजा समाप्त होने वाला है और इसके लिए तुरंत पैसे चाहिए, तो कभी किसी ट्रैवल एजेंट को पैसे देने की बात कहते हैं और उससे संपर्क करने के लिए मजबूर करते हैं। इसके साथ ही ठग यह भी विश्वास दिलाते हैं कि वे जो रकम भेज चुके हैं वह कुछ समय में आपके पास आ ही जाएगी, इसलिए आप अभी अपने पास से पैसे भेज दो और बाद में आने वाली रकम में से काट लेना।



### गौरव पब्लिक स्कूल रहा ब्लॉक खेलकूद स्पर्धा में प्रथम

**राजौंद।** गांव रोहेड़ा स्थित गौरव पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर कई प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किए। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। कबड्डी अंडर-17 टीम ने ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-14 टीम द्वितीय स्थान पर रही। शतरंज चेस अंडर-17 वर्ग में यश मलि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं अंडर-19 वर्ग में पुनीत ने भी प्रथम स्थान हासिल किया। कुश्ती अंडर 17 के 51 किलोग्राम भार वर्ग में अरुण 80 किलोग्राम में अश्वनी तथा 60 किलोग्राम में मयांक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 के 35 किलोग्राम वर्ग में शौर्य ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि इसी वर्ग में कुस्मित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



### डीएवी पब्लिक स्कूल की तीन टीमें रहीं अव्वल

**सीवन।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीवन के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। तीन दिनों तक आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यालय के खिलाड़ियों ने टीम भावना और खेल कौशल का शानदार परिचय देते हुए विभिन्न मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय की तीन टीमों ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय के गौरव में चार चांद लगा दिए। प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 वॉलीबॉल टीम, अंडर-14 खो-खो टीम तथा अंडर-14 बालिका वर्ग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपिंदर वालिया ने सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

## दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज निंदनीय कृत्यः सम्पूर्ण कोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


**कैथल।** सीटीएम को ज्ञापन सोपते जेजेपी युवा जिलाध्यक्ष संपूर्ण कोयल व अन्य!

जेजेपी युवा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध कैथल में के सीटीएम कैप्टन प्रमेश सिंह को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर सम्पूर्ण कोयल ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को रखने वाले छात्रों पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। छात्रों की आवाज़ को दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान बातचीत के माध्यम से किया जाना चाहिए। उन्होंने दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने तथा छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार से अपील की गई कि छात्रों के साथ न्याय किया जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर युवा जिला प्रभारी कुलदीप शर्मा, इनसो ज़िलाध्यक्ष सुनील नरड, प्रदेश उपाध्यक्ष जयवीर ढाडा, दर्पण मितल,शिलु रवाड,सोनू मलिक जखोली ,सचिन पाडला गोलु सिन्द ,सजंय छौत सुरेन्द्र कुलतारन आदि मौजूद थे।

## बच्चे देश का भविष्य, उनकी शिक्षा में कोताही न बरतें

- एसडीएम ने किया राजकीय माध्यमिक विद्यालय सलेमपुर का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुहला-चीका


**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष यादव विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए।

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने बुधवार को चीका-गुहला रोड स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सलेमपुर का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था और विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रधानाचार्य कार्यालय में अध्यापकों के उपस्थिति रजिस्टर की जांच की तथा विद्यालय में अध्यापकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम विभिन्न कक्षाओं में पहुंचे और विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बताया कि वे आगामी परीक्षाओं की तैयारी पूरी लगन से कर रहे हैं और अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं। बच्चों ने यह भी बताया कि विद्यालय के सभी शिक्षक उन्हें पूरी मेहनत और संवेदनशीलता के साथ पढ़ाते हैं।

## 'युवा संसद' में छात्राओं ने सीखीं संसदीय प्रक्रिया की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद


**राजौंद।** 'युवा संसद' कार्यक्रम में भाग लेतीं छात्राएं।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, देवबन में 'युवा संसद' कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में लोकतंत्र, संसदीय प्रक्रिया तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम का आयोजन डीआईईटी के प्राचार्य प्रमोद राणा के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रामेश्वर दास की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुरनाम सिंह एवं रविंद्र मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के राजनीति विज्ञान प्रवक्ता चेतन सिंह ने छात्राओं को युवा संसद की कार्यप्रणाली, संवाद शैली और भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अध्यापक विपिन कादयान ने भी लोकसभा की कार्यवाही के विभिन्न पहलुओं को समझाया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने सांसद, मंत्री एवं अध्यक्ष की भूमिकाएं निभाते हुए 'नशा मुक्त युवा, सशक्त भारत', 'डिजिटल शिक्षा और ग्रामीण विकास' तथा 'पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।


**पूंडरी।** ग्रामीणों की समस्याएं सुनते विधायक प्रतिनिधि एवं सरपंच लाभ सिंह जांबा।

### विधायक प्रतिनिधि ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**पूंडरी।** विधायक प्रतिनिधि एवं गांव जांबा के सरपंच लाभ सिंह जांबा ने गांव में जनसुनवाई आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। लाभ सिंह जांबा क्षेत्र में विधायक प्रतिनिधि के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति, गलियों की मरम्मत, नालियों की सफाई, बिजली व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, पंचायत से जुड़े कार्यों तथा अन्य जनसुविधाओं से संबंधित समस्याएं रखीं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल विकास कार्य करवाना ही नहीं, बल्कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हलका विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास को नई गति मिली है। गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और किसी भी ग्रामीण की समस्या को अनदेखा नहीं होने दिया जाएगा।

### सेवा और संस्कार मजबूत समाज की पहचान : फतेह चोपड़ा


फतेह सिंह चोपड़ा।

**पूंडरी।** क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी फतेह सिंह चोपड़ा ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक पहचान उसके संस्कार, आपसी भाईचारे और सेवा भावना से होती है। उन्होंने कहा कि जो समाज अपने जरूरतमंद लोगों का सहारा बनता है और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देता है, वही निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों और भारतीय संस्कृति से भी जोडने की आवश्यकता है। समाज तभी मजबूत होगा जब हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए दूसरों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। फतेह सिंह चोपड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, बेटी शिक्षा, नशा मुक्ति, रक्तदान और जरूरतमंद परिवारों की सहायता जैसे कार्य केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का भी नैतिक दायित्व हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाजहित के कार्यों में बढ़-चढकर भाग लें और अपने गांव, क्षेत्र तथा प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना जितनी मजबूत होगी।

### माता मनसा देवी मंदिर में हुआ भव्य जागरण



**पूंडरी।** गुप्त नवरात्र की सप्तमी के पावन अवसर पर दिल्ली के प्रसिद्ध उद्योगपति सुशील गर्ग के सौजन्य से माता मनसा देवी मंदिर प्रांगण में माता रानी के भव्य जागरण का आयोजन किया गया। संपूर्ण मंदिर परिसर जयकारों, भजनों और माता की महिमा के गुणगान से भक्तिमय हो उठा। देर रात तक श्रद्धालु माता के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। गुप्त नवरात्र को शक्ति साधना और देवी आराधना का विशेष पर्व माना जाता है तथा सप्तमी तिथि का धार्मिक महत्व भी अत्यंत विशेष है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुशील गर्ग सहित उनकी धर्मपत्नी सलोचना देवी व उनके दोनों पुत्रों विक्की गर्ग और सचिन गर्ग ने विधि-विधान के साथ ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने माता रानी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ माता के जयकारे लगाते हुए भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का दिया संदेश

**पूंडरी।** भारतीय जनता पार्टी के पूंडरी मंडल के शक्ति केंद्र-1 की संगठनात्मक टिफिन बैठक सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मार्केट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाना मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। बैठक में शक्ति केंद्र-79, 102, 103, 104 एवं 105 के बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रमुखों, पालकों तथा बीएलए-2 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान बूथ समितियों के गठन, संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, विशेष गहन पुनरीक्षण डीएलपी तथा मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ टिफिन साझा कर संगठन में आत्मीयता, भाईचारे और एक परिवार होने का संदेश दिया। बैठक में कष्ट निवारण समिति की सदस्य वीना सेठी, मंडल महामंत्री दीपक नंदराजोग, पूर्व उपाध्यक्ष सरदार सेवा सिंह, वार्ड-2 के पार्षद प्रतिनिधि साहब सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, राजेश कुकरेजा, राजेश कुमार, राहुल सिडाना, नवीन चुग सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बोली सूचना**

सभी बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि **30 जुलाई 2026** को पी.एम. श्री राजकीय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पबनावा (कैथल) में नकारा पड़े **155 ड्युल डेस्क** की बोली करवाई जानी निर्धारित की गई है।

- सभी बोलीदाता सुबह 10 बजे विद्यालय में पहुंचने का कष्ट करें, ताकि 12 बजे बोली करवाई जा सके।
- बोली से पूर्व सभी नियम व शर्तें बता दी जाएंगी।
- सभी बोलीदाताओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

प्राचार्य, पी.एम. श्री राजकीय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पबनावा (कैथल)
SMC PRESIDENT : शिमला देवी

## खिलाड़ियों को अफसरों ने दीं जिला स्तरीय स्पर्धा के लिए शुभकामनाएं

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**स्पर्धा का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


**कैथल।** खेलों में अव्वल रहे खिलाडी। फांटो :हरिभूमि

प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विमला सिरोही ने किया। इस अवसर पर खेल सचिव मामचंद प्रिंसिपल रा व मा वि बलवंती, प्रिंसिपल जाट स्कूल नरेश राणा , एइओ रमेश चहल , कुलदीप शर्मा एइओ तथा जिला प्रधान विजेंद्र बेरवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक खिलाड़ियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर दौड़, 4×100 मीटर रिले, लंबी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप, शॉटपुट, डिस्कस, जैवलिन तथा अन्य स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयु वर्ग 14 100 मीटर लड़कों की रेस में प्रथम स्थान तनमय लिटिल फ्लावर स्कूल द्वितीय स्थान सिद्धांत ओएसडीएवी स्कूल रहा। आयु वर्ग 14 200 मी रेस में प्रथम स्थान नवदीप सरव इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय स्थान हरीश लिटिल फ्लावर स्कूल रहा आयु वर्ग 14 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान अनमोल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दीवाल रहा द्वितीय स्थान अभिनव एमटीएम हरसोला स्कूल रहा। आयु वर्ग 14 600 मीटर रेस में प्रथम स्थान अनमोल राजकीय विश्व माध्यमिक विद्यालय दीवार रहा द्वितीय स्थान युवराज हेरिटेज स्कूल रहा आई वर्ग 14 लॉन्ग जॉब में प्रथम स्थान आकाश आर्यावर्त स्कूल तितरम द्वितीय स्थान लविश अखिल भारतीय स्कूल रहा आयु वर्ग 14 हाई जंप में प्रथम स्थान भव्य जैन ओ एस डी ए वी स्कूल कैथल द्वितीय स्थान लविश अखिल भारतीय स्कूल रहा आयु वर्ग 14 शॉट पुट में प्रथम स्थान वर्णन दर्शन अकैडमी रहा द्वितीय स्थान वैदिक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुहणा रहा आयु वर्ग 14 डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान मनप्रीत राजकीय माध्यमिक विद्यालय द्वितीय स्थान मयंक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुना रहा आयु वर्ग 14 रिले रेस चार गुना 100 रेस में प्रथम लिटिल फ्लावर स्कूल द्वितीय आर्यन इंटरनेशनल स्कूल रहा । आयु वर्ग 17 3000 मीटर रेस मैं प्रथम स्थान हर्ष डी ए वी पुलिस लाइन कैथल रहा द्वितीय स्थान दीपांशु एमडीएम हरसोला रहा आयु वर्ग 17 200 मीटर रेस में देव शर्मा जाट स्कूल प्रथम स्थान और गुरप्रीत शिव शिक्षा संगठन स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा।

### विजेता खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया प्रेरित

सभी प्रतियोगिताएँ खेल भावना एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुईं। विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अधिकारियों ने उन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सभी शारीरिक शिक्षा अध्यापकों, निर्णायकों एवं विद्यालयों के सहयोग की सराहना की गई।

## खबर संक्षेप



### लायन क्लब ने पुराने बस स्टैंड पर लगवाए पांच वीडियो कैमरे

**नरवाना।** नरवाना के पुराने बस स्टैंड चौक पर पांच वीडियो कैमरे लगाए गए। डीएसपी कमलदीप राणा ने इनका विधिवत उद्घाटन किया। लायन क्लब नरवाना के सचिव सुनील गुप्ता ने बताया कि क्लब के सदस्य द्वारा उनके निजी कोष से पहले भी विभिन्न स्थानों पर वीडियो कैमरे लगाए गए हैं जिससे सुरक्षा मजबूत हो।

### निजी प्ले स्कूल सरल पोर्टल पर करें पंजीकरण

**गुहला-चीका।** महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम एवं परियोजना अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि विभाग द्वारा जिले में संचालित सभी निजी प्ले स्कूलों एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल संस्थाओं को पंजीकरण करवाना आवश्यक है। वे सरल पोर्टल पर अपना पंजीकरण आवेदन यथाशीघ्र ऑनलाइन प्रस्तुत करें। आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज निर्धारित प्रारूप में अपलोड करें।

### विधायक देवेंद्र हंस हिरासत में, देर रात रिहा

**सीवन।** कांग्रेस द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित विरोध-प्रदर्शन में हलका गुहला के विधायक देवेंद्र हंस भी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने विधायक देवेंद्र हंस सहित कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर थाना परिसर में बैठा लिया। देर रात सभी को रिहा कर दिया गया। विधायक देवेंद्र हंस ने फोन पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता की समस्याओं को उठाना जनप्रतिनिधियों का संवैधानिक दायित्व है।



### प्राचार्य सौरभ भारद्वाज थैंक बैज से सम्मानित

**जींद।** हरियाणा लोक भवन चंडीगढ़ में आयोजित हरियाणा राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की 44वें वार्षिक राज्य परिषद की बैठक में जिला जींद की अग्रणी संस्था जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सौरभ भारद्वाज को हरियाणा भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से महामहिम राज्यपाल हरियाणा प्रोफेसर असीम कुमार घोष द्वारा हरियाणा नेशनल के कमिश्नर डॉक्टर केके खंडेवाला की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यालय में चली चलाई जा रही स्काउट गति गतिविधियों के लिए थैंक बैज से सम्मानित किया गया।

## लिस्ट में नाम आने वाले छात्र 23 से 27 जुलाई तक करवा सकते हैं फीस जमा

# यूजी कोर्स में पहली मेरिट लिस्ट 103 प्रतिशत उच्चतम तक रही

28 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल और 29 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यूजी कोर्स में दाखिले के लिए बुधवार को पहली मेरिट लिस्ट की गई। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आया है, उनके पास 23 से लेकर 27 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। पहली मेरिट लिस्ट के बाद खाली सीट रहने पर 28 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल और 29 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, उनके पास 30 जुलाई से लेकर तीन अगस्त तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। इसके बाद भी अगर सीट खाली रह जाती है तो चार अगस्त से फिजिकल काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी।

पांच अगस्त को उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा, जिसमें विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन और पहले वाले आवेदन में बदलाव के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद छह से 12 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। अगर फिर भी सीट खाली रह गई तो इसके बाद 13 से 19 अगस्त तक पहले वाले 100 रुपये और हर रोज 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले हो सकेंगे।

जिले के विभिन्न 17 राजकीय व निजी कालेज और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में लगभग साढ़े 11 हजार सीट यूजी कोर्स में हैं, जबकि इस बार 12वीं कक्षा से साढ़े 15 हजार से अधिक विद्यार्थी पास आउट हुए हैं। राजकीय पीजी कालेज में ज्यादातर संकायों में मेरिट लिस्ट 100 से ऊपर रही है। प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने कहा कि जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आया है, उन्हें चाहिए कि समय रहते फीस जमा करवा दाखिला सुनिश्चित करें।



एडमिशन की जानकारी लेने आए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन कैमिस्ट्री

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 103 | 94.60 |
| हरियाणा जनरल | 94.60 | 87.40 |
| ईडब्ल्यूएस आल इंडिया ओपन | 86.80 | |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जनरल | 84.60 | 84.40 |
| ओएससी- | 85.60 | 73.20 |
| डीएससी | 81.20 | 71.40 |
| बीसीए | 86 | 75.60 |
| बीसीबी | 83.60 | 70.80 |

### बीए इकोनामिक्स

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 97.40 | 92.00 |
| हरियाणा जनरल | 91.80 | 75.00 |
| ईडब्ल्यूएस आल इंडिया ओपन | 72.80 | |
| ओएससी | 72.60 | |
| डीएससी | 75.00 | 63.80 |
| बीसीए | 73.60 | 65.60 |
| बीसीबी | 68.00 | |

### बैचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइंस

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 97.60 | 78.80 |
| हरियाणा जनरल | 78.40 | 52 |

### राजकीय महाविद्यालय में बीसीए संकाय में मेरिट लिस्ट

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 96.80 | 91.40 |
| हरियाणा जनरल | 918 | 580 |
| ईडब्ल्यूएस आल इंडिया ओपन | 85.60 | 85.40 |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जनरल | 84.40- | 82.60 |
| ओएससी- | 84.80 | 78.40 |
| डीएससी | 85.8 | 70.40 |
| बीसीए | 85.60 | 80.20 |
| बीसीबी | 85.40 | 70.80 |

### बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 98.80 | 88.80 |
| हरियाणा जनरल | 88.60 | 80.20 |
| ईडब्ल्यूएस आल इंडिया ओपन | 80-79 | .40 |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जनरल | 78 | 76 |
| ओएससी- | 78 | 59.40 |
| डीएससी | 70.20 | 65.20 |
| बीसीए | 79.40 | 65.20 |
| बीसीबी | 72.60 | 70.80 |

### बीए ज्योग्राफी

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 102 | 95.20 |
| हरियाणा जनरल | 93 | 88 |
| ईडब्ल्यूएस आल इंडिया ओपन | 78.20 | |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जनरल | 72.80 | 72 |
| ओएससी | 77.20 | 75.60 |
| बीसीए | 88 | 80.20 |
| बीसीबी | 73.40 | 68 |

### बीबीए संकाय

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 102 | 97 |
| हरियाणा जनरल | 96.80 | 90 |
| ईडब्ल्यूएस आल इंडिया ओपन | 88.60 | |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जनरल | 87.40 | 84 |
| ओएससी | 80 | 73.20 |
| डीएससी | 85.20 | 77 |
| बीसीए | 88.60 | 81.40 |
| बीसीबी | 86.40 | 66.40 |

### बैचलर आफ साइंस विद इन मैथ

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 103 | 95.80 |
| हरियाणा जनरल | 94.60 | 87.60 |
| ईडब्ल्यूएस आल इंडिया ओपन | 86.80 | |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जनरल | 84.60 | 82.80 |
| ओएससी | 79.80 | 70 |
| डीएससी | 79.80 | 71.40 |
| बीसीए | 82.80 | 79.80 |
| बीसीबी | 80 | 76.20 |

### बैचलर आफ साइंस विद इन फिजिक्स

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 103 | 95.80 |
| हरियाणा जनरल | 94.60 | 86.60 |
| ईडब्ल्यूएस आल इंडिया ओपन | 84.60 | |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जनरल | 84.40 | 83.80 |
| ओएससी | 83.80 | 78.00 |
| डीएससी | 81.20 | 59 |
| बीसीए | 85.20 | 71.80 |
| बीसीबी | 83.60 | 80.00 |

### बीए कला संकाय

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 101.80 | 91.20 |
| हरियाणा जनरल | 91.20 | 82.20 |
| ईडब्ल्यूएस आल इंडिया ओपन | 81.80 | 79.20 |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जनरल | 78.20 | 59.00 |
| ओएससी | 81.60 | 70.80 |
| डीएससी | 81.60 | 67.80 |
| बीसीए | 81.33 | 46.40 |
| बीसीबी | 82.20 | 62.60 |

### बीए इंग्लिश

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 99.20 | 95.20 |
| हरियाणा जनरल | 93.80 | 84.2000 |
| ईडब्ल्यूएस आल इंडिया ओपन | 73.60 | |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जनरल | 72.80 | |
| ओएससी | 77.20 | 73.80 |
| डीएससी | 80.60 | 70.40 |
| बीसीए | 83.00 | 69.60 |
| बीसीबी | 80 | |

### बीए हिस्ट्री

| कैटेगरी | उच्चतम लिस्ट | न्यूनतम लिस्ट |
|---|---|---|
| आल इंडिया ओपन | 101.80 | 99.60 |
| हरियाणा जनरल | 98 | 88.60 |
| ईडब्ल्यूएस आल इंडिया ओपन | 72.20 | |
| ईडब्ल्यूएस हरियाणा जनरल | 72.80 | |
| ओएससी | 86 | 77 |
| डीएससी | 77.40 | 63.80 |
| बीसीए | 88 | 80.20 |
| बीसीबी | 71.40 | 36.60 |

## इंडस जूनियर विंग में हुआ मैंगो डे सेलिब्रेशन

■ विद्यालय का वातावरण पीले रंग और आम की मिठास से सरोबार दिखाई दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में विद्यार्थियों ने मैंगो डे बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण पीले रंग और आम की मिठास से सरोबार दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोजेक्टर के माध्यम से एक आकर्षक प्रस्तुति से हुई। जिसमें बच्चों को आम की विभिन्न किस्मों, उसके पौष्टिक गुणों, स्वास्थ्य के लिए उसके लाभों के बारे में रोचक जानकारी दी गई है।

विद्यार्थियों के लिए अनेक मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने आम पर आधारित कविताएं सुनाते हुए अपने आत्मविश्वास और अभिवक्ति कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक भाग मैंगों पार्टी रही। जिसमें बच्चों ने आम से बने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों जैसे मैंगो शेक, आमरस, जैम, आम पापड़ और अन्य व्यंजनों का आनंद लिया। साथ ही साथ बच्चों ने मौंगों सांग पर डांस भी किया। मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सीखने की रूचि बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य एवं पौष्टिक आहार के महत्व से भी परिचित करवाते हैं।




**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में मैंगो डे सेलिब्रेशन में बच्चे।

### रिटायर्ड निरीक्षक सुरेंद्र सिंह बने संयोजक

**नरवाना।** डा. भीमराव आंबेडकर सभा की टोहाना-नरवाना संयुक्त कमेटी की बैठक नरवाना में आयोजित की गई। जिसमें संगठन के विस्तार, सामाजिक सरोकारों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ऑल इंडिया डॉ. भीमराव आंबेडकर सभा के हरियाणा प्रदेश प्रभारी एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता डा. सुधीर रंगा के दिशा-निर्देशों के अनुसार संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में समाजसेवा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय तथा हरियाणा पुलिस के सेवानिवृत्त निरीक्षक सुरेंद्र सिंह को उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता, ईमानदार कार्यशैली और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए डॉ. भीमराव आंबेडकर सभा की टोहाना-नरवाना संयुक्त कमेटी का प्रधान एवं संयोजक नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन समाजहित के कार्यों को नई गति और दिशा प्रदान करेगा।।




### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में किया पौधरोपण

**कैथल।** आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ग्योंग की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा बुधवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनीष सिंगला ने पौधारोपण कर किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार एक माँ अपने बच्चों के पालन-पोषण में अपना सर्वस्व समर्पित कर देती है, उसी प्रकार पेड़ भी बिना किसी स्वार्थ के मानव जीवन को ऑक्सीजन, फल, फूल, छाया तथा स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ माँ की ममता, त्याग और संरक्षण के प्रतीक हैं। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर हीरा सिंह, राजेश शर्मा एवं कुलदीप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प दोहराया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

मंथन | सीआरएसयू में अकादमिक परिषद की बैठक

# जरूरतमंद विद्यार्थियों को फीस में देंगे रियायत, नए कोर्सों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित अकादमिक परिषद की बैठक में विद्यार्थियों के हितों, गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। परिषद ने आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को फीस में रियायत देने, पीएचडी शोधार्थियों के लिए छात्रवृत्ति शुरू करने, बीटेक में एनईपी 2020 लागू करने के साथ ही मल्टीपल एंट्री एग्जिट प्रणाली और नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) को लागू करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसके अलावा विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में कई नए शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करने को भी हरी झंडी दी गई। परिषद ने बीटेक पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को लागू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में इंटीग्रेटेड बीएससी, एमएससी (केमिस्ट्री) कार्यक्रम शुरू करने को भी स्वीकृति दी गई।



अकादमिक परिषद ने यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मल्टीपल एंट्री एंड एग्जिट प्रणाली लागू करने को भी स्वीकृति प्रदान की। इस व्यवस्था के तहत विद्यार्थी अपनी परिस्थितियों के अनुसार निर्धारित स्तर पर पढ़ाई से ब्रेक ले सकेंगे। बैठक में विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों में कई नए शैक्षणिक कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। इनमें बीएससी, एमएससी (केमिस्ट्री) इंटीग्रेटेड प्रोग्रामए बीए (ऑनर्स), अर्थशास्त्र, बीएससी (ऑनर्स), गणित, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डिजिटल मार्केटिंग, बीए (ऑनर्स), भूगोल, संस्कृतए बीएससी (गणित), एमए (अंग्रेजी) और एमकॉम जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं। इन नए पाठ्यक्रमों से विद्यार्थियों को अपनी रुचि और करियर की संभावनाओं के अनुरूप उच्च शिक्षा के नए विकल्प मिलेंगे।

### यह रहे मौजूद

बैठक के अंत में कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करना नही बल्कि उन्हें ज्ञान, कौशल, नवाचार और नैतिक मूल्यों से समृद्ध करना है। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा के प्रतिनिधि सहित डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. विशाल वर्मा, प्रो. विजयवंती, डीएवी सेंचुरी कॉलेज फरीदाबाद, प्रो. वीके गर्ग, सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब, बठिंडा, प्रो. संजय कुमार शर्मा, यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, डा. जितेंद्र कुमार भारद्वाज, एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ जूलॉजी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### बीएड प्रथम वर्ष के परिणाम में आरती रही प्रथम

**उचाना।** सीआरएसयू जींद द्वारा घोषित बीएड प्रथम वर्ष परीक्षा परिणाम में स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कलां की छात्रा आरती पुत्री विजयपाल ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रितु पुत्री राजेंद्र सिंह ने 81.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, प्रेरणा पुत्री संदीप एवं रीना पुत्री रामबीर ने 80.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. महावीर सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सेवा भारती नगर समिति ने जोड़े नए पांच प्रकल्प



**जींद । सेवा भारती नगर समिति जींद** द्वारा बुधवार को पूरे हरियाणा प्रांत के नए प्रकल्पों के मध्य पांच नए प्रकल्प जोड़े गए। जिसमें हर शनिवार को वैदिक चैरिटेबल लैब नजदीक हैप्पी स्कूल में रक्त जांच, शुगर व बीपी के टेस्ट फ्री किए जाएंगे। इसके साथ ही हर मंगलवार को साई मंदिर पुराना हंसी रोड में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा और साथ ही फिजियोथैरेपी सेंटर गौशाला भिवानी रोड जींद पर निशुल्क मेडिकल उपकरण जिसमें बैसाखी आदि जरूरतमंद को निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। संस्था के प्रेस प्रवक्ता अशोक खर्ब ने बताया कि सप्ताह में एक दिन जरूरतमंद को भोजन प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुशील गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं आरके मोर, चंद्र प्रकाश मालिक, बलजिंदर सिंगला, सुभाष सिंह, सोनिया, शंकर लाल बागड़ी, अमित गर्ग आदि सदस्यों ने अपने-अपने प्रकल्पों पर उद्घाटन करवाया।



### अलेवा में बीपीआईयू बैठक आयोजित

**जींद ।** निपुण मिशन हरियाणा के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा के उद्देश्य से खंड अलेवा में ब्लॉक प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट (बीपीआईयू) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने विशेष रूप से शिरकत की और मिशन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल बाला, एफएलएन के ब्लॉक कॉर्डिनेटर राम मेहर, संपर्क फाउंडेशन से सुमित सहित सभी क्लस्टर हेड एवं संबंधित एबीआरसी उपस्थित रहे।

### स्नेहा ने नीट 2026 में हासिल किए 665 अंक



कुमारी स्नेहा

**नरवाना।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नरवाना सत्र 2024-25 की होनहार छात्रा स्नेहा ने नीट 2026 परीक्षा में 665 अंक हासिल कर अखिल भारतीय नीट परीक्षा में आल इंडिया रैंक 704 एवं सामान्य वर्ग में 428वां स्थान प्राप्त किया और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। उझाना गांव की रहने वाली स्नेहा, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उझाना में कार्यरत गणित प्रवक्ता देवेंद्र सिंह एवं मोहिनी की पुत्री हैं।